# नगर पालिक निगम भिलाई

## मासिक पत्रिका
## जून 2024




नगर पालिक निगम भिलाई

# गरीबो के लिए बहुत बड़ा सहारा है प्रधानमंत्री आवास योजना

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में प्रधानमंत्री मंत्री आवास योजना अंतर्गत मकान का निर्माण हो रहा है जिसमें ऐसे हितग्राही जिनके पास मकान नहीं है बरसो से किराये के मकान में रहते है ऐसे समस्त हितग्राहियो को पात्रता एवं नियमानुसार प्रधानमंत्री आवास योजना अंतर्गत मकान आबंटित नगर निगम भिलाई क्षेत्र में पुरी पारदर्शिता के साथ किया जा रहा है। अभी तक नगर निगम भिलाई में  अब तक कुल 1741 मकानो का आबंटन हितग्राहियो को किया जा चुका है  वर्तमान में 3709 आवासों का आबंटन करने का लक्ष्य है जो प्रक्रिया में है। यह एक महत्वकांक्षी योजना है। प्रधानमंत्री आवास योजना में  खम्हरिया के आबंटिती 55 वर्षिय कौशिल्या साहू ने बताया की सपने में भी हमने नहीं सोचा था कि मुझे ऐसा मकान मिलेगा जिसमे रहने का कमराए शौचालयए नहाने का बाथरूमए रसोई  का कमरा अलग.अलग होगा। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत अब तक भिलाई निगम क्षेत्र के जुनवानीए खम्हरियाए कुरूदए आम्रपाली के पीछे शांतिनगर एमें मकानो का निर्माण किया जा चुका है। इन मकानो में आवासीय उपयोग की समस्त सुविधाएं पानीए बिजलीए शौचालय आदि उपलब्ध है। ऐसे मकान जो प्राईवेट कालोनीयो में महगंे दरो पे मिलते है वह प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत मात्र  3.25 लाख रु में उपलब्ध है। आवश्यकतानुसार बैंको के माध्यम से लोन की भी सुविधा उपलब्ध है। ग्राम खम्हरिया निवासी संतोषी बाई ताम्रकार ने बताया जब मैं घरो मे काम करने जाती थी तब सोचती थी मेरे भी भाग्य में भी ऐसा मकान होगा क्याए मैं खुस हु भले ही मेरा मकान साहब लोगो से छोटा है। नीचे गाड़ी रखने एवं बालकनी की सुविधाएं भी इसमे है जो उनके घरो में है। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव प्रधानमंत्री आवास योजना का स्वतः संज्ञान लेते हुए औचक रूप से निर्माणाधीन स्थल पर पहुंच जाते है गुणवत्ता हो रहे काम आदि का निरीक्षण करते है सभी को यह भी दिशा निर्देश देते है कि मकान समय अवधि में पूर्ण हो जिससे हितग्राहियो को समय अवधि में मकान उपलब्ध हो सके।



# नगर पालिका निगम भिलाई क्षेत्र में आज के समय में 9 एस.एल.आर.एम. यानी सॉलिड एंड लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट सेंटर चल रहे हैं वहां स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा कचरा संग्रहण किया जा रहा है

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्रांतर्गत एल.एल.आर.एम. सेंटर पर प्रतिदिन घरो से निकलने वाले गीला एवं सूखा कचरे का एकत्रिकरण कार्य किया जा रहा है। उन कचरो कचरो को परिष्कृत कर अलग-अलग रूप में बांटा जाता है स्व सहायता समूह की महिलाओं द्वारा निकलने वाले कचरे को बेच दिया जाता है जिससे उनका आय होता है इसी के आमदनी से उनका घर चलता है , यही कचरा रीसायकल के द्वारा पुनः वास्तु के रूप में हमारे सामने आ जाता है जिसे हम लोग पुनः उपयोग करते हैं हमारे इतने प्रयास से शहर साफ-सुथरा एवं स्वच्छ-सुन्दर बन जाएगा । आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने निगम क्षेत्र में घरो से निकलने वाले गीला एवं सूखा कचरे को निगम के एस.एल.आर.एम. सेंटर यानी सॉलिड एंड लिक्विड रिसोर्स मैनेजमेंट में एकत्रिकरण करने के निर्देश दिये है। निगम क्षेत्र में 9 एल.एल.आर.एम. सेंटर बनाये गये है जिसमे जोन-01 क्षेत्र के नेहरू नगर रैश्ने आवास, राधिका नगर, 11वीं बटालियन के पास, पिली मिटटी चैंक, नेहरू नगर पूर्व में स्थापित है इसी प्रकार जोन-2 के ट्रेचिंग ग्राउण्ड के पास, जोन-03 के मदर टेरेसा नगर संतोषी पारा, जोन-4 के आई.टी.आई. के पीछे कचरा एकत्रिकरण का कार्य जारी है। कचरे का संग्रहण कर मशीन के माध्यम से खाद बनाने का कार्य भी निगम द्वारा किया जा रहा है। नगर निगम भिलाई, शहर में निवासरत नागरिको से अपील करती है की अपने घर से निकलने वाले गीला एवं सूखा कचरो को अलग-अलग डब्बो में डालकर निगम के कचरा एकत्र करने वाले टीम को दे। एक साथ सब प्रकार का कचरा डाल देने से बदबू फैलता है जिस शहर में प्रदूषण बढ़ता है हमारी माताएं बहने जब व्यापारी वर्ग बस इतना करें कि अपने घरों में दुकान दुकानों से निकलने वाले कचरे को अलग-अलग डब्बे में डालकर सफाई कर्मचारी को दिया करें ,जिससे कचरो का संग्रहण करने में किसी प्रकार की परेशानी न हो। एक छोटा सा प्रयास शहर को स्वच्छ बनाने में बहुत बड़ा सहयोग होगा ।






**नगर पालिक निगम भिलाई**

# सामाजिक सुरक्षा पेशन योजना में 80 वर्ष से अधिक उम्र के पेंशनधारियो का सत्यापन किया जा रहा है।

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र में 80 वर्ष से अधिक उम्र के सामाजिक सुरक्षा के तहत वृद्वा पेंशन प्राप्त कर रहे है। उनके सत्यापन के लिए नगर निगम भिलाई के जोन सुपरवाईजर, शहरी अजीविका मिशन की सी.ई.ओ. एवं आंगनबाड़ी की कार्यकर्ता घर-घर जाकर परीक्षण कर रही है। संबंधित सभी 1711 हितग्राहियो के खाते में पेशन डी.बी.टी के माध्यम से एकाउन्ट बेस पे जा रहा है। कलेक्टर महोदया के आदेशानुसार आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर हितग्राही के घर-घर जाकर सत्यापन का कार्य किया जा रहा है। जिसमें हितग्राही से आधार कार्ड, बैंक पासबुक की कापी एवं राशन कार्ड की सत्यापित प्रति सहित वर्तमान स्थिति के फोटोग्राफ के साथ मांगा जा रहा है। जोन-5 के पेंशन सुपरवाईजर रेखराम भारती, जोन-4 के बोधन सिंह साहू, जोन-3 के दानी लाल मछिरके जोन-2 के अनुप सिन्हा, जोन-1 के संतोष हरमुख का कहना है की हम घरो में जाते है संबंधित हितग्राही घर में नहीं मिलते या तो गांव चले गये या घर छोड़ दिये है कोई भी वास्तविक जानकारी बताने वाला नहीं रहता यह भी देखने मे आ रहा है कि कुछ परिवार के सदस्य के लोग हितग्राही का एटीएम बना लिये है चोरी छिपे पैसा निकाल लेते है मंतूराम बघेल बुजुर्ग बता रहे थे कि मेरे खाते मे पैसा नही आ रहा है चेक करने पे पता चला उनका छोटा बेटा एटीएम से पैसा निकाल लेता है। प्राप्त आदेशानुसार हम लोग घर घर जाकर संबंधित हितग्राही से मिल रहे है और परीक्षण कर रहे है। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने सभी वृद्वा पेंशन प्राप्त कर रहे हितग्राही एवं उनके परिवार जनो से अपील की है की अपने यहां के पेंशनधारी ही वास्तविक जानकारी देवे जिससे उनका पेंशन डी.बी.टी के माध्यम से खाते में निरंतर जाती रहे।



**नगर पालिक निगम भिलाई**

# हरिभरि हो धरती इसके लिए लगाये गये पौधे, विश्व पर्यावरण दिवस पर

भिलाईनगर। 5 जून विश्व पर्यावरण दिवस के अवसर पर नगर निगम भिलाई के विभिन्न क्षेत्रो में वृक्षारोपण किया गया। नगर निगम भिलाई के विभिन्न जगहो पर वृक्ष लगाने गढढे किये गये है। जैसे मानसून की पहली बारिश शुरू होगी सघन वृक्षारोपण शुरू हो जायेगा। जिसमें प्रियदर्शिनी परिसर जोन-1, जोन-2 ट्रेचिंग ग्राउण्ड, ढ़ौर तालाब इत्यादि जगहो पर वृक्षारोपण किया गया। जिसमे प्रमुख रूप से नगर निगम भिलाई के महापौर नीरज पाल, एम.आई.सी. सदस्य संदीप निरंकारी, केशव चैबे, नेता प्रतिपक्ष भोजराज सिन्हा, पार्षदगण, निगम के कार्यपालन अभियंता आर.एस.राजपूत, उद्यान अधिकारी तिलेश्वर कुमार साहू एवं गणमान्य नागरिक उपस्थित रहे। महापौर नीरज पाल ने सब से अपील की है कि पेड़ पौधे लगाकर हम बढ़ती गर्मी पर्यावरण के असंतुलन को दुर कर सकते है। नगर निगम भिलाई क्षेत्र में हम लोग बड़े पौधे लगा रहे है जो एक वर्ष के अंदर वृक्ष का रूप ले लेगा। हम सब यह भी प्रयास कर रहे है कि जो भी पेड़ लगे वो पुरी तरह सुरक्षित रहे और नागरिको से भी यही अपील है सब आगे आये और वृक्ष लगाये। नगर निगम भिलाई के नेहरू नगर कुसुम कानन नर्सरी में निःशुल्क पौधे उपलब्ध है जिसमे करंज, नीम, गुलमोहर, मुनगा, पीपल, बरगद, आम इत्यादि सभी प्रकार के पौधे है। समय पर जाकर आप अपनी इच्छानुसार पौधा ले करके लगा सकते है। वहीं पर उद्यान अधिकारी के नाम पर एक आवेदन देना है उसी में कितना पौधा चाहिए लिख देना है वही पर आपको पौधा मिल जायेगा। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने सभी से आवहन किया है कि पौधा निगम उपलब्ध करायेगा। आप अपने बुर्जुगो के नाम से, बच्चो के नाम से पौधा लगाये और उसे बचाये। एक यादगार निशानी होगा, पर्यावरण मित्र बालू राम वर्मा ने बताया कि स्कंध पुराण के अनुसार एक वृक्ष लगाना 100 पुत्रो के समान है। बहुत ही नेक और पवित्र कार्य है।



# आवासीय कालोनियो में कैच द रेन (वर्षा जल संरक्षण), हेतु चलाया अभियान-निगम भिलाई

भिलाईनगर। दिन-प्रतिदिन पृथ्वी के नीचे का जल स्तर घटते जा रहा है, उसको रोकने के लिए नगर निगम भिलाई द्वारा आवासीय कालोनियो में कैच द रेन का अभियान छेड़ रखा है। भवन अनुज्ञा विभाग के अधिकारियो की टीम बनी है जो आवासीय कालोनियो में जाकर वहां के पदाधिकारियो से बैठक करते है उन्हे कैच द रेन अभियान के बारे में बताते है सभी इस बात से सब सहमत होते है कि हमे वर्षा का जल बचाना है सभी की उपस्थिति में शासन द्वारा दिये गये गाईडलाईन के अनुसार कालोनियो के क्षेत्रफल को ध्यान में रखते हुए वहां गढढा बनाया जाता है। उसमें छोटे पत्थर, बालू, गिटटी इत्यादि डालकर ऐसा सिस्टम लगाया जाता है कि छत से होकर गिरने वाला वर्षा का पानी पाईप लाईन के माध्यम से उस गढढे में आये और धीरे धीरे जल स्तर को बढ़ाये। साथ ही कालोनियो के गार्डन बने है उसमें भी नियमानुसार कैच द रेन पिट बनाया जा रहा है। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने सभी जोन आयुक्तो को निर्देशित किये है कि नगर निगम के जितने भी शासकीय भवन, सार्वजनिक भवन, उद्यान, सांस्कृतिक भवन आदि सभी जगहो में बरसात के जल को संरिक्षत करने के लिए सोख पिट बनाया जाये। उन्होने सभी नागरिको से अपील की है कि नगर निगम के इस अभियान में सहयोगी बने अपने घर से निकलने वाले बरसात के पानी को सीधे नालियो में न जाने दे सोख पिट बना के संरक्षित करें। नगर निगम भिलाई इसमें पुरी तरह से इस अभियान में सहयोग करेगा, हम सब मिलकर ही अपने वाले आने वाली पीढ़ही के लिए जल बचा सकते है।

भवन अनुज्ञा विभाग के अधिकारी शिव शक्ति अपाटमेट, शिव कृपा अपाटमेंट, गेरस भिलाई गणपति कालोनी, दिलीप परिसर, श्रीराम हाईटस, शकुंतला अपाटमेंट, राधिका अपाटमेंट, आम्रपाली कालोनी इत्यादि कालोनियो में जाकर रेन वाटर हार्वेस्टिम सिस्टम को व्यवस्थित करवाये है। भवन अनुज्ञा अधिकारी हिमांशु देशमुख ने बताया कि नगर निगम भिलाई द्वारा सभी आवासीय कालोनियो के लिए एक प्रतियोगिता आयोजित की जा रही है।



# शहरी अजीविका मिशन की समीक्षा बैठक राज्य स्तरीय दल द्वारा

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में शहरी अजीविका मिशन की समीक्षा बैठक ली गई। जिसमें रायपुर से राज्य स्तरीय शहरी आजीविका मिशन टीम निगम सभागार में पहुंचकर शासन से जारी गाईडलाईन से संबंधित दिशा-निर्देश दिये।

नगर पालिक निगम भिलाई के सभागार में आज शासन की विभिन्न योजना से संबंधित विषयो पर चर्चा की गई, जिसमें राज्य स्तीरय शहरी अजीविका मिशन रायपुर की टीम प्रमुख रूप में स्टेट मैनेजर प्रशांत ताम्बोली, उप मुख्य कार्यपालन अधिकारी सुनील अग्रहरी ने शासन की योजनाओ के बारे में जानकारी दी पूर्व में चल रहे प्रधानमंत्री स्व-निधि योजना, प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना के प्रोग्रेस के बारे में पूछ नये दिशा निर्देश दिये। की किस प्रकार से शहरी लाभार्थियो को इस योजना से जोड़के उनको विकासमुखी बना सकते है। स्व-निधि योजना जिसके अंतर्गत ऐसे छोटे व्यापारी जिनको अपने व्यापार को आगे बढ़ाने के लिए आर्थिक सहायता की आवश्यकता होती है उन्हे शासन की गारंटी पर आधार कार्ड, राशन कार्ड, बैंक पासबुक को आधार मानकर व्यापार करने के लिए प्रारंभिक अवस्था में 10000 का लोन प्रदान किया जाता है। जो बाद में बढ़ते क्रम में बढ़ते जाता है। प्रधानमंत्री विश्वकर्मा योजना का उददेश्य कारिगरो एवं शिल्पकारो की पहचान कर विश्वकर्मा के रूप में उन्हे सभी लाभ प्राप्त करने के योग्य बनाना, उनके कौशल का विकास करना, उनकी योग्यता क्षमता बढ़हाने के लिए आधुनिक रोजगार बढ़ाना, उन्हे ऋण प्रदान करना तथा उन्नति के लिए विभिन्न बाजारो से जोड़ना है। प्रमुख रूप से प्रारंपरिक व्यवसाय करने वाले बढ़हई, नाव बनाने वाले, अस्तरा कार, लोहार, लोहे का औजार निर्माता, सोनार, कुम्हार, मूर्तिकार, राजमिस्त्री, पैरदान बनाने वाले, नाई, घोबी, दर्जी, जाल निर्माता इत्यादि शामिल है। इनके गुणवत्ता में और सुधार करके इन्हे विकासमुखी बढ़हाना उददेश्य है। भिलाई नगर निगम के साथ दुर्ग, कुम्हारी, रिसाली आदि निगमो से भी मिशन मैनेजर, सी.ई.ओ., नगर निगम भिलाई के नोडल अधिकारी सुश्री दिप्ती साहू, प्रभारी अधिकारी रीता चतुर्वेदी, संजय शर्मा आदि उपस्थित रहे।



# ड्रोन से होगा निगम भिलाई के भवनो एवं भूमियो का जी.आई.एस. सर्वे

भिलाईनगर। नगर निगम भिलाई द्वारा अपने भवनो एवं भूमियो का जी.आई.एस. सर्वे ड्रोन के माध्यम से कराये जाने की अनुशंसा महापौर परिषद द्वारा प्रदान की गई। निगम भिलाई क्षेत्र के जितने भी आवासीय एवं व्यावसायिक भूमि, भवन, गार्डन, रोड, पानी टंकी, मार्केट, स्कूल, शासकीय भवनों को इसके माध्यम से जुड़ जायेगें। जिससे किसी भी भवन की भौगोलिक स्थिति का एक एड्रेस एवं निश्चित जी.पी.एस. लोकेशन के साथ आॅनलाईन मैप का पता लगाया जा सकता है। निगम क्षेत्र में निवासरत नागरिक जो अपने मकानो, दुकानो का संपत्तिकर, जलकर, भू-भाटक आदि करो का वास्तविक सर्वे पारदर्शिता के साथ हो जाएगा। जी.पी.एस. के माध्यम से निगम के सभी साफ्टवेयर को इससे जोड़ा जायेगा, जिससे निगम क्षेत्र के किसी भी भवन का पहचान हो जायेगा और भवन को ढुढने की आवश्यकता नहीं पड़ेगा। सभी भवनों में डिजिटल डोर एवं नम्बर प्लेट लगाया जायेगा, जिसमें क्यू.आर.कोड लगाया जाएगा।

जी.आई.एस. तकनीक के माध्यम से सभी वार्डो के भवन एवं भूमियो का डेटाबेस तैयार कर साफ्टवेयर एवं एप के माध्यम से नागरिको को सुविधा प्रदान की जायेगी तथा निगम का काम भी सरल एवं सुगम हो जाएगा। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने विशेष रूचि लेकर इसके लिए अलग से एक सेटअप बनवाया है, दिलीप कुर्वे टेक्निकल टीम के माध्यम से जहां पर इकसे संबंध में तैयारी की कर रहे हैं, जब यह पूर्ण रूप से मूर्तरूप लेगा। निश्चित ही यह सब के लिए फायदेमंद होगा। साथ ही नगर निगम के द्वारा बिछाई गई पाईप लाईन, सिवरेज सिस्टम का भी मेपिंग हो जाएगा। इन सब से नगर निगम के आय में बढ़होत्तरी होगी। आम नागरिको को भी इससे सुविधा होगा की उनकी संपत्ति का वास्तविक मूल्यांकन नियमानुसार हो जायेगा। जी.आई.एस आधारित साफ्टवेयर बनाये जाने की महापौर परिषद द्वारा तारिफ की गई।



# 21 जून अंतरराष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी इस बार शांति नगर दशहरा मैदान फूटबाल ग्राउण्ड मे शुरू

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई में 21 जून को दशम अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर योग कार्यक्रम का आयोजन शांति नगर दशहरा मैदान फूटबाल ग्राउण्ड समय प्रातः 6 से 7 बजे के मध्य होगा। इसमें सामाजिक, धार्मिक, अध्यात्मिक, जनप्रतिनिधि, छात्रो, खिलाड़ी, योगा आचार्यो एवं नागरिको की उपस्थिति में होगा। इस कार्य हेतु आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव ने कार्यक्रम के सुचारू संचालन के लिए अधिकारियों एवं कर्मचारियों को दायित्व सौंपे है।

नगर पालिक निगम भिलाई के अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी नोडल अधिकारी होगें। जोन आयुक्त येशा लहरे, सहायक अभियंता अरविंद शर्मा, उपअभियंता बसंत साहू, रीमा जाम्भुलकर, विजेन्द्र गुप्ता को मंच, चादर, माईक, मेट, कुर्सी, टेबल, गुलदस्ता, माला व्यवस्था सौंपा गया है। स्वास्थ्य अधिकारी धर्मेन्द मिश्रा एवं सहायक राजस्व अधिकारी अनिल मिश्रा को मैदान की साफ-सफाई के साथ शौचालय व्यवस्था का कार्य सौंपा गया है। जनसम्पर्क अधिकारी अजय शुक्ला, प्रभारी अधिकारी परियोजना रीता चतुर्वेदी, डाटा एन्ट्री आॅपरेटर शरद दुबे, स्टेनो टायपिस्ट संजय शर्मा, मिशन मैनेजर अमन पटले को प्रचार-प्रसार, विडियोग्राफी, जनप्रतिनिधयों, शैक्षणिक संस्थानो, प्रशिक्षको, छात्रो, स्काउट गाईट, एन.सी.सी., खिलाड़ी, सामाजिक संगठनो आदि को आमंत्रित करने के साथ निगम भिलाई की ओर से प्रशिक्षको को मोमेन्टो बाटने का दायित्व सौंपा गया है। कार्यपालन अभियंता कुलदीप गुप्ता को मंच निर्माण, बैनर पोस्टर, स्वलपाहार का कार्य सौंपा गया है। इसी प्रकार स्वच्छता पर्यवेक्षक पलाश वैद्य को चिकित्सीय (एम.एम.यू.) व्यवस्था का कार्य सौंपा गया है।

महापौर नीरज पाल ने अवहान किया है, कि बड़े ही गर्व की बात है पुरी दुनिया अंतरराष्ट्रीय योग दिवस मना रही है। आईये हम सब मिलकर शांति नगर दशहरा मैदान फूटबाल ग्राउण्ड में योग करे निरोग रहे

# तेल्हा नाला के साथ ही अन्य छोटे-बड़े नालो का गहरीकरण एवं चैड़ीकरण का कार्य शीध्रता से जारी

भिलाईनगर। नगर पालिक निगम भिलाई क्षेत्र के निवासियो को बरसात के समय पानी भराव की समस्या को रोकने के लिए नालो का सफाई अभियान शुरू किया गया है। प्रमुख रूप से तेल्हा नाला जिसमें आकर छोटे बड़े अन्य नाले मिलते है। नाले के गहरीकरण एवं चैड़ीकरण में बाधित अतिक्रमण को हटाने की कार्यवाही जारी है। इसी क्रम में विवेकानंद नगर, बैकुण्ठधाम, सुन्दर नगर, पीताम्बर साईकल स्टोर्स, गौरव पथ, जलेबी चौंक, विकास पारा नाला, रामनगर, वृन्दानगर के बीच का नाला, नंदनी रोड, संत रविदास नगर, छावनी थाना परिसर, लाल मैदान, भगत सिंह चौंक, जय किराना स्टोर्स के पास तक की मुख्य एवं छोटे बड़े व चैड़े नालो के तली से सफाई की जा रही है। जिससे किसी प्रकार का कचरा आकर उसमे न फसें, वर्षा का पानी सुचारू रूप से निकल सके। कुछ परिवार ऐसे है जिनके द्वारा नाले के उपर अतिक्रमण करके कब्जा कर लिया गया है। बार-बार सूचना देने के बाद भी नहीं हटाया जा रहा है। ऐसे अतिक्रमण को नगर निगम भिलाई द्वारा तोड़कर साफ किया जा रहा है। आयुक्त देवेश कुमार ध्रुव के निर्देश पर यह भी ध्यान दिया जा रहा है कि सफाई के साथ-साथ जो कचरा निकल रहा है, उसे तुरंत डम्फर द्वारा हटाने का कार्य भी किया जा रहा है।



# ग्रीन बेल्ट हेतु आरक्षित भूमि से अतिक्रमण हटाया

भिलाईनगर। जोन क्रमांक 4 अंतर्गत हल्का औद्योगिक क्षेत्र भिलाई में ग्रीन बेल्ट हेतु आरक्षित भूमि पर देवांगन होटल के संचालक द्वारा अतिक्रमण कर लिया गया था। आयुक्त नगर निगम भिलाई के पास मुख्य महाप्रबंधक जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के द्वारा पत्र प्राप्त हुआ था। जोन के राजस्व अधिकारी तोड़फोड़ दस्ते के साथ मौके पर पहुंच कर देवांगन होटल को खाली कराकर जगह को रिक्त किया गया। कार्यवाही के दौरान होटल के संचालक के द्वारा विरोध प्रदर्शन किया गया, जिसे थाना जामुल प्रभारी के साथ पुलिस बल द्वारा हटाया गया।

पत्र के माध्यम से सूचना मिली थी कि मेसर्स पाॅलीब्रान्ड इंसुलेशन प्राईवेट लिमिटेड प्लाट क्रं. 37/ए-बी-सी के आस पास की ग्रीन बेल्ट हेतु आरक्षित भूमि पर अतिक्रमण किया गया था। आस पास के व्यापारी प्रतिष्ठानो द्वारा भी धीरे धीरे अतिक्रमण का प्रयास किया जा रहा था। वहां पर अलग से शेड व रूम बनाकर जगह को घेर लिए थे। जिसे नगर निगम का तोडू दस्ता पुलिस के मौजुदगी में अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की गई। इसी दौरान शिकायत मिली थी कि जोन क्रमांक 3 अंतर्गत सियान सदन के बगल के हिस्से में नवउदय विद्यालय द्वारा दरवाजा खोल कर अतिक्रमण का प्रयास किया जा रहा था, उसे भी हटाया गया।





**Editorial Board**

**श्री देवेश कुमार ध्रुव**
**भा.प्र.से.**
**आयुक्त**
**नगर पालिक निगम**
**भिलाई**



**Contact & Address**

**श्री अजय कुमार शुक्ला**
**प्रभारी जनसंपर्क अधिकारी**
**नगर पालिक निगम**
**भिलाई**